पटाखा फैक्ट्री विस्फोट की न्यायिक जांच शुरू, रिटायर्ड जज ने किया निरीक्षण

अवैध जिलेटिन सप्लाई नेटवर्क भी जांच के दायरे में

देवास। जिले के टोंककला स्थित पटाखा फैक्ट्री विस्फोट मामले में न्यायिक जांच मंगलवार से शुरू हो गई। उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति सुभाष काकड़े की अध्यक्षता में गठित एकल सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग ने आज घटनास्थल का निरीक्षण किया। न्यायमूर्ति काकड़े ने टोंककला स्थित फैक्ट्री और जयदेव वेयर हाउस कलमा का दौरा किया। इस दौरान कलेक्टर ऋतुराज सिंह और पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने उन्हें घटना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। आयोग ने मुख्य विस्फोट स्थल, पटाखों के भंडारण स्थानों और केमिकल वाले क्षेत्रों का गहन निरीक्षण किया। टीम ने गोदाम में रखे पटाखों के उपयोग और स्थिति के बारे में भी पूछताछ की। जांच आयोग हादसे के कारणों, लापरवाही के पहलुओं और उत्तरदायित्व का निर्धारण करेगा। इसके साथ ही, फैक्ट्री में अग्निशमन, बचाव, चिकित्सा सहायता और आपदा प्रबंधन के इंतजामों की समीक्षा की जाएगी। आयोग विस्फोटक सामग्री के निर्माण, भंडारण और उपयोग संबंधी निर्धारित मानकों तथा फैक्ट्री अधिनियम, श्रम सुरक्षा नियमों और अन्य संबंधित कानूनों के उल्लंघन की भी जांच करेगा। आयोग एक माह के भीतर अपनी जांच पूरी कर राज्य शासन को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। उल्लेखनीय है कि इस फैक्ट्री में हुए विस्फोट में मजदूरों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे। घटना के बाद कुछ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों पर निलंबन की कार्रवाई भी की गई थी। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा उपायों, निरीक्षण प्रणाली, आपदा प्रबंधन एवं नियामक व्यवस्था में सुधार संबंधी अनुशंसाएं दी जाएगी। आयोग एक माह के भीतर अपनी जांच पूरी करेगा और रिपोर्ट राज्य शासन को प्रस्तुत करेगा। घटना में अब तक पुलिस ने पांच आरोपी बनाए हैं। पहले चार लोगों पर नामजद प्रकरण दर्ज किया गया था, इसके बाद पटाखा फैक्ट्री के कथित असल मालिक और वेयर हॉउस को किराये पर लेकर विस्फोटक सामग्री रखने वाले मुकेश विज निवासी दिल्ली पर भी प्रकरण दर्ज किय गया था, जिसके गिरफ्तारी के प्रयास चल रहे हैं।

आगर-मालवा से लाई जाती थीं जिलेटिन रॉड

जांच के दौरान टोंकखुर्द क्षेत्र के खारेली गांव में सोमवार को कार्रवाई की गई थी, जिसमें 220 जिलेटिन रॉड बरामद होने के मामले में बड़ा खुलासा सामने आया था, प्रारंभिक जांच में जानकारी मिली है कि जिलेटिन रॉड आगर-मालवा क्षेत्र से लाई जाती थीं। इसके बाद अब प्रशासन पूरे सप्लाई नेटवर्क की जांच में जुट गया है।एसडीएम रितु चौरसिया, तहसीलदार गौरव निरंकारी और पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो मकानों से विस्फोटक सामग्री बरामद की थी। जांच के दौरान जितेंद्र सोलंकी के घर से 120 और मुकेश सोलंकी के मकान से 100 जिलेटिन रॉड मिलीं। दोनों जगहों पर विस्फोटक सामग्री बिना वैध अनुमति के रखी गई थी।अधिकारियों का कहना है कि रहवासी क्षेत्र में इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री रखना गंभीर सुरक्षा खतरा है। तहसीलदार ने बताया कि मामले को लेकर जांच की जा रही है कहां से यह लोग जिलेटिन लेकर आए थे। क्योंकि घटना के वक्त दोनों युवक नहीं मिले थे। मामले में आगे की कार्रवाई और जांच की जा रही है।

अस्पताल तिराहा पर ग्रीन नेट शेड गिरा, रात होने से बड़ा हादसा टला

देवास। सोमवार रात अस्पताल तिराहा पर लगा एक ग्रीन नेट शेड अचानक गिर गया। यह शेड भीषण गर्मी से राहगीरों को राहत देने के लिए लगाया गया था। गनीमत रही कि घटना रात के समय हुई, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टल गया। प्रारंभिक आशंका जताई जा रही है कि किसी वाहन की टक्कर से शेड का पाइप क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण पूरा ढांचा नीचे आ गिरा। नगर निगम ने शहर के प्रमुख चौराहों पर गर्मी से बचाव के लिए ऐसे ग्रीन नेट शेड लगाए हैं, जिनमें से अस्पताल तिराहा पर सड़क के दोनों ओर शेड स्थापित किए गए थे। घटना देर रात होने के कारण तिराहे पर लोगों की आवाजाही कम थी। यदि यह हादसा दिन के समय होता, जब क्षेत्र में भीड़भाड़ रहती है, तो गंभीर जनहानि या बड़े नुकसान की आशंका थी। नगर निगम ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। निगम अधिकारी यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि शेड किसी वाहन की टक्कर से गिरा या इसके पीछे कोई अन्य कारण था। निगम ने संबंधित ठेकेदार से भी जानकारी मांगी है।

एक नजर में

पुलिस पेंशनर संघ की मीटिंग संपन्न

देवास। 19 मई को गुजराती गार्डन देवास में पुलिस पेंशनर संघ की मीटिंग का आयोजन किया गया । जिसमें मध्यप्रदेश पुलिस पेंशनर संघ के प्रांतीय अध्यक्ष एम.पी.सिंह परिहार एवं प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष एवं जिला इंदौर के जिलाध्यक्ष एस.पी.एस. चौहान एवं जिला उज्जैन के जिलाध्यक्ष प्रमोद भदोरिया, मंदसौर जिलाध्यक्ष शंभुसिंह चूंडावत एवं प्रांतीय पदाधिकारी उपस्थित हुए। तथा मीटिंग में पुलिस पेंशन संघ जिला देवास के सदस्यों को सम्बोधित किया। जिसमें पेंशनर संघ की गतिविधियों पर प्रकाश डाला तथा शासन की योजनाओं के लाभ के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर 80 वर्ष से अधिक आयु वाले पेंशनर शिवजीराम पटेल को सम्मानित किया गया तथा रूस्तमजी अवार्ड से सम्मानित निरीक्षक के.के.सिंह को भी सम्मानित किया गया तथा दिवंगत सेवानिवृत्त डीएसपी हिम्मतसिंह राणा, उपनिरीक्षक मोहनसिंह चौहान, प्रधान आरक्षक बालकृष्ण शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मीटिंग में जिला देवास के जिलाध्यक्ष महिपालसिंह राजावत, उपाध्यक्ष रमेशचंद्र कल्थिया, संरक्षक श्रीराम वर्मा, सचिव एवं कार्यवाहक अध्यक्ष लोकेन्द्र व्यास, कोषाध्यक्ष जगदीश पटेल, मीडिया प्रभारी जितेन्द्र शर्मा, बाबू खां पठान, आरिफ खान, रामप्रसाद छापरवाल, सावित्री देवी, जसोदा मालवीय, सरला एवं गोपी बहन तथा बड़ी संख्या में पुलिस पेंशनर संघ के सदस्य उपस्थित रहे। मीटिंग का संचालन आरिफ खान ने किया तथा आभार लोकेन्द्र व्यास ने माना।

फर्शी से युवक की हत्या

देवास। शहर के बालगढ़ चौराहे पर मंगलवार तड़के पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की निर्मम हत्या कर दी गई। आरोपी ने फरसी (धारदार हथियार) से हमला कर इस वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही औद्योगिक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 4:45 बजे बालगढ़ क्षेत्र में एक पान की गुमटी के पीछे खून से लथपथ शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मृतक की पहचान मुकेश के रूप में हुई है, जो शहर की ही एक कंपनी में कार्यरत था। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर वहां से वारदात में इस्तेमाल की गई खून से सनी फरसी भी बरामद कर ली है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि मृतक मुकेश और आरोपी भावेश चौधरी के बीच पुरानी रंजिश थी और दोनों एक ही गली में रहते थे। मंगलवार तड़के करीब 4 बजे किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। देखते ही देखते यह विवाद मारपीट में बदल गया, जिसके बाद तैश में आकर भावेश ने फरसी से मुकेश पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। औद्योगिक थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने बताया कि हत्या के इस मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी भावेश चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है।

कृषकगण निर्धारित तिथि में अपनी उपज विक्रय करें

देवास। उपसंचालक कृषि श्री गोपेश पाठक ने बताया कि जिले की सभी तहसीलों के 14 उपार्जन केन्द्रों पर चना उपार्जन का कार्य सहकारी समितियों द्वारा किया जा रहा है। चना उपार्जन की अंतिम तिथि शासन द्वारा 28 मई निर्धारित की गई है। उप संचालक कृषि ने कृषकगणों से अपील की है कि वे अपनी उपज विक्रय के लिए स्लॉट बुकिंग उपार्जन की अंतिम तिथि के 10 दिवस पूर्व तक की जा सकेगी एवं स्लॉट की वैधता अवधि 7 कार्य दिवस होगी।

नर्सरी क्षेत्र में लगी आग, बड़ा हादसा टला

देवास। बालगढ़ रोड स्थित बालाजी नगर के पीछे नर्सरी इलाके में मंगलवार दोपहर अचानक आग लग गई। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और घना धुआं उठता दिखाई दिया। स्थानीय रहवासियों और नगर निगम की टीम ने मिलकर करीब 40 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। आग लगने के बाद आसपास के रहवासियों ने तुरंत

सक्रियता दिखाई। लोगों ने अपने स्तर पर बोरिंग चालू कर पानी डालना शुरू किया, ताकि आग आसपास के घरों तक न पहुंच सके। घटना की सूचना मिलते ही नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का अभियान शुरू किया गया। करीब 40 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया।

समय रहते आग बुझ जाने से आसपास के मकानों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। हालांकि आग की चपेट में आने से नर्सरी के कुछ पौधे और पेड़ क्षतिग्रस्त हो गए।रहवासियों का कहना है कि यदि समय पर आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो यह विकराल रूप ले सकती थी।

मुफ्त शराब नहीं दी तो सेल्समैन को पीटा

देवास। वाइन शॉप के सेल्समैन से मुफ्त शराब मांगने और मना करने पर मारपीट करने वाले दो आरोपियों को औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने सेल्समैन के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की थी और पत्थर मारकर घायल कर दिया था। पुलिस के अनुसार फरियादी नमन भाटिया निवासी कुंदानगर खरगोन, हाल मुकाम बावड़िया, वाइन शॉप पर सेल्समैन के रूप में काम करता है।

बाबा साहब सर्व समाज के प्रेरणा स्त्रोत है : यादव

देवास। सोनकच्छ में भारत रत्न बाबा साहब बी.आर.अम्बेडकर की प्रतिमा पर दूध एवं जल से शुद्धिकरण किए जाने पर जिला अध्यक्ष योगेश यादव ने कहा कि बाबा साहब सर्व समाज के हैं, वे किसी एक समाज विशेष के नहीं बल्कि पूरे देश के प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जनसिंह वर्मा द्वारा प्रतिमा एवं आसपास के विकास कार्य हेतु 2,00,000 की राशि प्रदान की गई थी, लेकिन प्रतिमा स्थल के आसपास कहीं भी उनका उल्लेख नहीं किया गया, जो एक गंभीर विषय है। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्यनारायण लाठी , जिला पंचायत सदस्य बनेसिंह अस्ताया, किसान कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप सिंह गुर्जर, अरविंदसिंह गुर्जर ,

पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र दागियों, जसपालसिंह यशोना, गोपालसिंह पटेल, पूर्व सरपंच बद्रीलाल गोलिया, धन्नालाल बामणिया, सुरेंद्र सिंह कालूखेड़ी, किसान कांग्रेस जिलाअध्यक्ष दिलीप सिंह गुर्जर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शहर में 25 और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन बाद गैस सिलेंडर की पात्रता क्यों

भौरासा। वर्तमान में रसोई गैस वितरण व्यवस्था में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो के बीच असमानता देखने में आ रही है इससे ग्रामीण उपभोक्ताओं में नाराज़गी एव व्यवस्था के प्रति आक्रोश देखा जा रहा है जानकारी के अनुसार शहरों में उपभोक्ताओं को करीब 25 दिन बाद गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन में सिलेंडर देने का नियम लागू किया गया है इससे गांवो के लोगों को घरेलू कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीण उपभोक्ता भादर सिंह भाटिया, सुरेश राठौर, रमेश ठाकुर, गट्टू दरबार ,कमल पाटीदार, मुकेश खत्री, का कहना है कि शहर और गांव के उपभोक्ताओं के लिए अलग-अलग समय सीमा तय करना

समझ से परे है जबकि अगर 35 दिनो में शहर व ग्रामीण क्षेत्र दोनों को सिलेंडर उपलब्ध हो जाए तो समस्या ही नहीं रहेगी वर्तमान में गांव में भी अधिकांश परिवार रसोई गैस पर ही निर्भर है लेकिन निर्धारित समय से पहले सिलेंडर नहीं मिलने के कारण उन्हें अब गैस खत्म होने पर मजबूरी में लकड़ी एव अन्य पारंपरिक इंधनों का उपयोग करना पड़ रहा है इससे महिलाओं एवं बुजुर्गों को विशेष परेशानी उठानी पड़ रही है उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं को धुए से निजात दिलाने एवं स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उज्ज्वला योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में गैस कनेक्शन वितरण किए गए थे योजना का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा एवं रसोई को धुआ मुक्त बनाना था किंतु ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन बाद दोबारा सिलेंडर मिलने की व्यवस्था के कारण उज्ज्वल हितग्राहियों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है समय पर गैस नहीं मिलने से कई महिलाओं को पून: चुल्हे एवं लकड़ी का सहारा लेना पड़ रहा है ग्रामीणों ने बताया की गैस खत्म होने के बाद लंबे इंतजार के कारण घरेलू बजट भी प्रभावित हो रहा है साथ ही आने वाली वर्षा काल में सूखी लकड़ी मिलने की संभावना भी कम रहती है ऐसे में परेशानी वर्षा काल में ओर बढ़ जाएगी उपभोक्ताओं ने शासन एवं संबंधित विभाग के साथ ही जनप्रतिनिधियों से भी मांग की है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लिए समान 35-35 दिन में सिलेंडर मिलने का नियम लागू किया जाए तथा समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए ताकि ग्रामीण उपभोक्ताओं को भी राहत मिल सके।

विद्यार्थियों ने फायर मॉक ड्रिल कर सीखी आत्मरक्षा

देवास। शहर की जानी-मानी शिक्षण संस्था सीजी ट्यूटोरियल्स जहां पर विद्यार्थी इंजीनियरिंग व मेडिकल परीक्षा की तैयारी के साथ अपनी आत्मरक्षा के गुण भी सिखते हैं। संस्थान पर फायर एस्केप लेडर यानी अग्नि सुरक्षा सीढ़ी लगाई गई है, जिससे आपातकालीन स्थिति में विद्यार्थियों को निर्गम के लिए एक वैकल्पिक मार्ग मिल सके। फायर एजुकेशन के संबंध में विद्यार्थियों को आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मंगलवार को फायर एक्सपर्ट की मौजूदगी में

एक मॉक ड्रिल कराई गई। जिसमें विद्यार्थियों को आग से बचने के उपाय बताए गए। साथ ही अग्निशमन यंत्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। फायर अलार्म बजने पर सभी विद्यार्थी अपनी कक्षा से बाहर आए और अग्नि सुरक्षा सीढ़ी से बिल्डिंग के बाहर आए।

संस्था की बिल्डिंग खाली होने में 16 मिनट का समय लगा संस्था पर विभिन्न अग्निशामक यंत्र लगाए गए है और विद्यार्थियों को एबीसी टाइप, मल्टीपरपज पाउडर बेस्ड अग्निशमन यंत्र , फोम बेस्ड व कार्बन डाइऑक्साइड बेस्ड यंत्र के उपयोग के बारे में जानकारी दी।

संस्था के संचालक आशीष गुप्ता ने बताया बिजली मीटर के ऊपर फायर एग्जीक्यूशंस बाल लगाई गई है जिससे मीटर में आग लगने पर वह अपने आप ही फूट जाती है और आग बुझ जाती है। संस्था द्वारा वर्ष में दो बार फायर मॉक ड्रिल कराई जाती है। ऐसे कई आयोजन संस्था पर होते हैं जिससे विद्यार्थी किताबी ज्ञान के अलावा व्यवहारिक, व्यापारिक व संस्कारिक ज्ञान भी प्राप्त करते हैं।

मारपीट करने वाले आरोपियों को जेल भेजा

सोनकच्छ। फरियादी वैभव पिता हेमराज जाट निवासी सोनकच्छ के साथ तिलकराज विजेंद्र चौहान निवासी ठाकुर सेरी व और विराज मोहन सिंह बेस निवासी डाक बंगला रोड ने जाट के साथ जमकर मारपीट की थी। गंभीर चोंट होने से उसका उपचार देवास किया गया। लेकिन पीड़ित के स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने से परिजन उसे इंदौर के निजी अस्पताल में लेकर गए है। जहां उसका उपचार किया जा रहा है। घायल जाट की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार नहीं है और वेंटिलेटर पर है। जाट को न्याय दिलाने को लेकर अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेशाध्यक्ष ईश्वर लाल जाट ने 22 मई को सोनकच्छ थाने का घेराव का ऐलान कर दिया है। इस मामले में पीड़ित पक्ष का कहना है कि पुलिस ने इस मामले में धाराओं व आरोपियों का इजाफा नहीं किया है।

इसे लेकर ही यह धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। वहीं पुलिस धरना प्रदर्शन की सूचना प्राप्त होते ही दोनों आरोपियों को धारा 151 (शांति भंग) में गिरफ्तार किया और तहसील न्यायालय में पेश कर वहां से दोनों को जेल भिजवा दिया है।

15 दिवसीय मां बिजासन मेले टिनोनिया का समापन

व्यापारी बंधुओं को प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

देवास। जनपद पंचायत देवास द्वारा ग्राम टिनोनिया में 15 दिवसीय माता बिजासन मवेशी मेले का समापन हुआ। समापन अवसर पर कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें जनपद पंचायत देवास अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश पटेल, सरपंच अजयसिंह राजपूत, अमर चौधरी, जपं सदस्य प्रतिनिधि राकेश खिरनी, विष्णु चौधरी डंडा, मांगीलाल सेठ, घनश्याम कारपेंटर, सरपंच दिनेश चौधरी, पप्पू महेश पटेल, लाखन पटेल आदि अतिथियों ने 50 से अधिक व्यापारी बंधुओं को प्रशंसा पत्र देकर पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। मेले में बच्चों के लिए खिलौने, आकर्षक झूले, चाट चौपाटी की दुकाने एवं प्रसिद्ध जलेबी की दुकाने लगी थी साथ ही महिलाओं के लिए हीरे, कंगन झुमके की दुकाने सहित विभिन्न प्रकार की दुकान लगी हुई थी। मेले में यूपी, बिहार, राजस्थान सहित मध्यप्रदेश के अलग अलग स्थानों से व्यापार बंधुओं ने दुकानें लगाई। साथ ही अतिथियों द्वारा जनपद पंचायत के कर्मचारियों का भी प्रशस्ति पत्र भेंट करके सम्मान किया गया। इस अवसर पर मेला प्रभारी जगदीश मालवीय, सचिव अरुण चौधरी, सुभाष चौधरी, रवि रावत, बाबूलाल चौधरी, भगवानसिंह चौधरी, सतीश मालवीय, अर्जून देवडा, रमेशचंद्र मंडलोई, लाखन मीणा आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

तीन दिवस में 12610 वास्तविक बोरा संग्रहण करवा कर 85 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया

तेंदुपत्ता संग्रहण के चलते गांवों में पसरा सन्नाटा, जंगलों में बढ़ी रौनक

सतवास। सतवास वन परिक्षेत्र अंतर्गत इन दिनों तेन्दुपत्ता संग्रहण सीजन चल रहा हैं,,, जिसके चलते गांवों में सारे दिन सन्नाटा पसरा रहता है और जंगलों में रौनक है। इन दिनों तेंदू पत्ता संग्रहण का कार्य पूरे चरम पर है, सुबह होते ही कई गांवों की गलिया सुनी नज़र आने लगती हैं क्योंकि बड़ी संख्या में ग्रामीण रोज़ाना तड़के जंगलों की ओर निकल पड़ते हैं निजी वाहन सायकल, मोटर सायकल, बैल गाड़ियों से महिला, पुरुष, युवा जंगल पहुंचकर तेंदूपत्ता तोड़ने के कार्य में जुट जाते हैं, सुबह करीब चार बजे घरों से निकल है और जंगलों में फैलकर तेंदूपत्ता एकत्रित करते है, महिलाएं अपनी पीठ पर साड़ी बांधकर पेड़ से पत्ते तोड़कर सुरक्षित रखती हैं है सुबह आठ नो बजे तक अधिकांश श्रमिक अपने घर लौट आते है, इसके बाद दोपहर में भोजन के पश्चात पत्तों की गड्डियों को बनाने में जुट जाते हैं शाम करीब पांच बजे श्रमिक अपने.अपने संग्रहण केंद्रों पर पहुंच कर गड्डियों की गिनती करवाते हैं और फिर घर लौटते हैं। सतवास रेंजर रवि कांत जैन ने बताया की ,वन परिक्षेत्र सतवास अन्तर्गत प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति सतवास, बाईजगवाड़ा, खारिया, सन्दलपुर एवं अजनास में कुल प्राप्त लक्ष्य 14840 वास्तविक बोरा के विरुद्ध परिक्षेत्र सतवास अन्तर्गत उक्त समितियों द्वारा तीन दिवस में 12610 वास्तविक बोरा संग्रहण करवा कर 85 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार इस वर्ष तेन्दुपत्ता संग्राहकों के मुखिया के रुप में महिला संग्राहक को प्राथमिकता दी गई

तथा महिला संग्राहक मुखिया के बैंक खातें में तेन्दुपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक भुगतान किया जावेगा।

तेंदूपत्ता संग्रहण व्यवस्था में वर्षों से चली आ रही परंपरा को लेकर कांग्रेस नेतापुर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रति निधि वहीद खान सदर , अजय कुमार व्यास ने आपत्ति जताई है,, उन्होंने कहा की अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही व्यवस्था के तहत सौ गड्डियों पर पांच गड्डियां मुफ्त ली जाती हैं जो श्रमिकों के हित में नहीं है, उन्होंने इस व्यवस्था को बंद करने की मांग की है